-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 03.04.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **दोपहिया वाहनो से खतरनाक स्टंट करने वाले पर यातायात पुलिस द्वारा कड़ी कार्यवाही करते हुए 03 मोटरसाइकिलों को सीज कर कुल 30 हजार 500 रुपए का किया गया चालान।**

विवरण– पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालो पर की जा रही कड़ी कार्यवाही के क्रम में क्षेत्राधिकारी यातायात सुश्री प्रतिज्ञा सिंह के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा दोपहिया वाहनों से खतरनाक स्टंट करने वाले 03 मोटरसाइकिलों को सीज करते हुए 30 हजार 500 रुपए का चालान किया गया। गौरतलब हो कि सोशल मीडिया पर एक वीडियो संज्ञान में आया था जिसमें कुछ युवकों द्वारा दोपहिया वाहनो से खतरनाक स्टंट किया जा रहा था। वीडियो को तत्काल संज्ञान में लेकर यातायात पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए 03 मोटरसाइकिलों को सीज करते हुए कुल 30 हजार 500 रुपए का चालान किया गया। बता दें कि यातायात पुलिस द्वारा अन्य दोपहिया वाहनों की भी पहचान/तलाश कर सीज करने की कार्यवाही की जा रही है।

आमजनमानस से अपील है कि सोशल मीडिया पर लोकप्रियता पाने के लिए वाहनों से किसी भी प्रकार के खतरनाक स्टंट न करें। इस तरह के कृत्य न केवल आपकी अपनी जान के लिए जोखिमपूर्ण हैं, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकता हैं। कृपया यातायात नियमों का पालन करें।